# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को मिला प्रतिष्ठित इनक्यूबेटर पुरस्कार

**तिर्वा।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन स्थित उद्यम संवर्धन केंद्र ने नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

संस्थान को 'एकेटीयू प्रॉमिसिंग इनक्यूबेटर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान यूपी स्टार्टअप संवाद 3.0 के तहत मंगलवार को लखनऊ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विश्वविद्यालय के कुलपति जेपी पांडेय तथा अटल नवाचार मिशन के मिशन निदेशक डॉ. दीपक बागला की गरिमामयी उपस्थिति हुआ।

यह उपलब्धि नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन द्वारा नवाचार को प्रोत्साहित करने, युवाओं में उद्यमिता की भावना विकसित करने तथा नए उद्यमों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराने के प्रयासों का परिणाम है। साथ ही कन्नौज और आसपास के क्षेत्रों में मजबूत नवाचार एवं उद्यमिता का वातावरण विकसित करने की दिशा में संस्थान के प्रयासों को भी इससे नई पहचान मिली है।



**कॉलेज के निदेशक मनोज शुक्ला पुरस्कार लेते । स्रोत : कॉलेज**

निदेशक मनोज कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि पर उद्यम संवर्धन केंद्र के निदेशक डॉ. रविश सिंह राजपूत, डॉ. बीडीके पात्रो, समन्वयक डॉ. विजय कुमार तिवारी सहित पूरी टीम के समर्पण और सामूहिक प्रयासों की सराहना की। (संवाद)